ब्यटन ककर

आउटडोर हीटर

गस बोतल



गैस का रिसाव और आपातिक स्थितियाँ

किसी सीमित क्षेत्र में गैस का रिसाव होने से निम्न समस्याएँ पैदा हो सकती हैं:

- जी मिचलाना
- चक्कर आना
- श्वासावरोधन
- आग या विस्फोट।

यदि परिस्थिति आपातिक या जीवन को संकट में डालने वाली है, तो तुरंत ही ट्रिपल ज़ीरो (000) को फोन करें।

यदि आपको गैस की बदबू आती है, तो शांति बनाए रखें और:

- अपने गैस के उपकरणों को बंद कर दें
- सभी दरवाजे और खिड़कियाँ खोल दें
- अपना गैस सिलेंडर या सप्लाई बंद कर दें और अपनी पॉवर सप्लाई को अलग कर दें
- क्षेत्र को खाली कर दें।

लाइटर या माचिस का प्रयोग न करें, या बिजली के उपकरण न चलाएँ अथवा लाइटें ऑन या ऑफ न करें।

यदि गैस का रिसाव जारी रहता है, तो अपने गैस सप्लायर या किसी लाइसेंसप्राप्त गैस फिटर को फोन करें।

दुर्घटनाओं और शिकायतों की सूचना देना

गैस संबंधी कार्य या उपकरणों की दुर्घटना या शिकायत की सूचना देने के लिए, gassafe@dnrm.qld.gov.au को ई-मेल करें या काम करने के घंटों के दौरान 13QGOV (13 74 68) पर फोन करें।

और अधिक जानकारी

अपन गैस उपकरणों की सर्विस और मरम्मत करन क बारे म जानकारी क लिए, अपन स्थानीय गैस फिटर स संपर्क करें।

आपकी नैचुरल गैस सप्लाई या LPG सिलेंडरों क बारे म जानकारी क लिए, अपन गैस सप्लायर स बात करें।

गैस सुरक्षा क बारे म और अधिक जानकारी क लिए, **www.qld.gov.au** दखें और 'gas safety' की सर्च करें।

© क्वींसलैंड राज्य, 2017

इस लाइसेंस के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, https://creativecommons.org/licenses/by/4.0 देखें

Hindi

CS7681 12/17

गस उपकरण एव सिलडर सुरक्षा

ueensland Government

गैस उपकरण सुरक्षा

किसी लाइसेंस-प्राप्त गैस फिटर से गैस उपकरण स्थापित कराएँ, इनकी मरम्मत, नियमित रूप से सर्विस कराएँ और इन्हें निकलवाएँ। निम्नलिखित सुरक्षा विशिष्टताओं वाले गैस उपकरणों का चयन करें:

- लौ को बंद करने वाले उपकरण, जो कि लौ के दुर्घटनावश बुझ जाने पर गैस की सप्लाई बंद कर देते हैं
- स्वचालित रिइग्निशन, जिसके कारण लौ बुझ जाने की स्थिति में उपकरण खुद से दोबारा ज्वलित हो जाता है।

पोर्टेबल या एनफ्लूड गैस उपकरणों को अंदरूनी क्षेत्रों में न रखें, बशर्ते कि अंदरूनी क्षेत्रों में इनके प्रयोग की अनुमति दी गई हो।

पोर्टेबल ब्यूटेन 'लंच बॉक्स' कुकर

- इनका प्रयोग निर्माता के निर्देशों के अनुसार करें।
- यह जांच करें कि क्या आपके कुकर का मॉडल रद्द या रिकॉल तो नहीं किया गया है।

पोर्टेबल आउटडोर हीटर

ये विशाल मात्रा में कॉर्बन मोनोऑक्साइड (एक जहरीली गैस) पैदा कर सकते हैं, इसलिए अंदरूनी क्षेत्रों में इनका प्रयोग न करें। हीटर को अंदरूनी क्षेत्र में रखने से पहले, गैस सिलेंडर डिसकनेक्ट करके हटा लें।

- अपने हीटर की नियमित रूप से सर्विस कराएँ।
- निर्माता के निर्देशों का पालन करें।
- हीटर को लोगों और ज्वलनशील पदार्थों से दूर रखें और इसे किसी मज़बूत, समतल सतह पर रखें।

बाहरी समारोह

बाहरी समारोहों के लिए (**www.publications.qld.gov.au** पर उपलब्ध) गैस सुरक्षा जांच-सूची का संदर्भ करें।

लाइसेंस-प्राप्त गैस फिटर द्वारा नॉन-पोर्टेबल गैस उपकरण स्थापित कराएँ, और समारोह से पहले अपने सभी गैस उपकरणों की जांच कराने के लिए गैस फिटर को नियुक्त करने पर विचार करें।

LPG तरल रूप में उच्च दबाव वाली गैस होती है, इसलिए सिलेंडरों को संभाल कर रखते समय, इनका प्रयोग और ट्रांसपोर्ट करते समय आपको ध्यान रखना चाहिए।

- सिलेंडरों की नियमित रूप से जांच करें कि कहीं उन्हें कोई नुकसान तो नहीं हुआ है, वे ठीक से काम कर रहे हैं और कोई रिसाव तो नहीं है (सड़े हुए अंडे की बदबू)।
- सिलेंडरों को हर समय सीधे ले जाएँ और रखें।
- जांच करें कि वॉल्व ज़ोर से टर्न ऑफ किए हुए हैं।
- प्रयोग न किए जाने की स्थिति में सिलेंडर में 'POL' वॉल्व प्लग डालें।
- यदि ज़रूरी हो तो अनुमोदित टेस्ट स्टेशन से सिलेंडर वॉल्व की मरम्मत कराएँ या इन्हें बदलवाएँ।
- जहाँ संभव हो सिलेंडरों को गर्मी और सीधी धूप से दूर रखें।

गैस सिलेंडरों का प्रयोग

कम-दबाव वाले गैस उपकरण के साथ सिलेंडर का प्रयोग करते समय, दबाव पर नियंत्रण रखने के लिए रैगुलेटर का प्रयोग करें। यदि आपको पक्का पता नहीं है कि ऐसा कैसे करना है, तो निर्माता या अपने गैस स्प्लायर से पूछें।

- क्षतिग्रस्त या जंग लगे सिलेंडर का प्रयोग न करें।
- आउट ऑफ डेट (अमान्य) हो चुके सिलेंडरों का प्रयोग न करें। सिलेंडर के नीचे या सँकरे भाग पर तारीख लिखी होती है।
- उपकरण का प्रयोग करने के बाद, यह सुनिश्चित करें कि रैगुलेटर होज़ गैस से मुक्त है। ऐसा करने के लिए, गैस उपकरण के संचालन करते समय सिलेंडर वॉल्व को टर्न ऑफ करें, फिर गैस उपकरण वॉल्व को टर्न ऑफ करें।

सिलेंडर की अदला-बदली या इन्हें रिफिल करना

आपके स्थानीय LPG रिटेलर के यहाँ रिफिल या बदले किए जा सकते हैं।

- सिलेंडर खरीदने या इसकी बदली स्वीकार करने से पहले, आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इसमें वॉल्व प्लग फिट किया हुआ है।
- रिफिल करने के लिए, सिलेंडर पर वैध 10-वर्षीय स्टैम्प लगी होनी चाहिए।
- अपने आप गैस सिलेंडर रिफिल न करें। केवल प्रशिक्षित लोग ही विशेष उपकरणों का प्रयोग करके सुरक्षित रूप से ऐसा कर सकते हैं।

सिलेंडर को एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाना

किसी बंद गाड़ी में गैस सिलेंडर ट्रांसपोर्ट करना सुरक्षा संबंधी खतरा हो सकता है।

- किसी बंद गाड़ी में **9 किलो** से अधिक भार का सिलेंडर **न** ले जाएँ।
- किसी बंद गाड़ी में आप एक समय में (**9 किलो** या इससे कम भार के) 2 सिलेंडर एक साथ ले जा सकते हैं।
- सिलेंडर ट्रांसपोर्ट करते समय, इन्हें गाड़ी में सीधे रखें, कोशिश करें कि इन्हें गाड़ी की बूट में रखें, और POL वॉल्व में प्लग अच्छे से फिट हुआ होना चाहिए।

गैस सिलेंडर का निपटान करना

आप किसी अनुमोदित गैस सिलेंडर टेस्ट स्टेशन पर, कुछ काउंसिल रिफ्यूस सेंटरों पर और कुछ गैस सप्लायरों के पास सुरक्षित रूप से सिलेंडर का निपटान कर सकते हैं।

गैस सिलेंडर को एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाना

अधिकांश रिमूवलिस्ट कम्पनियाँ गैस सिलेंडर को ट्रांसपोर्ट नहीं करेंगी। कुछ गैस सप्लायर अदला-बदली की प्रणाली का संचालन करते हैं जिसके माध्यम से आप एक शहर में सिलेंडर छोड़ सकते हैं और किसी नए शहर में इसके स्थान पर दूसरा सिलेंडर प्राप्त करने के लिए वाउचर प्राप्त कर सकते हैं। सिलेंडर रखने के लिए, इसे किसी गैस सप्लायर या अनुमोदित सिलेंडर टेस्ट स्टेशन से 'गैस फ्री' प्रमाणित कराएँ।

यार्ड के आसपास

काम करने के घंटों के दौरान Dial Before You Dig को 1100 पर फोन करके यह पता लगाएँ कि आपकी प्रापर्टी में गैस पाइपलाइनें कहाँ स्थित हैं। यह नि:शुल्क सेवा दो कार्यकारी दिनों में सभी प्रासंगिक भूमिगत नेटवर्कों का स्थान बताती है।

और अधिक जानकारी के लिए www.1100.com.au देखें।

ऑनलाइन संसाधन

निम्नलिखित संबंधी शीर्ष सुझावों क लिए हमारे गैस सुरक्षा वीडियो दखें:

- गैस उपकरणों का सुरक्षित प्रयोग और स्थापना
- ब्यटन लंच बॉक्स कुकर
- BBQs और गैस सिलेंडरों का सुरक्षित प्रयोग
- LPG सिलेंडरों क साथ सुरक्षा
- गैस उपकरण और कार्बन मोनोऑक्साइड।

य वीडियो दखन क लिए,
www.qld.gov.au/emergency/safety/gas दखें